# राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

मन्नी / भवर

569/2019

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 23/3/22 | पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। प्रार्थी रेस्पो. द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के आदेश दिनांक 31/12/2021 की प्रति के साथ प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 30/08/2019 से सम्बन्धित मूल प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिनांक 31/12/2021 को अन्तिम निस्तारण किया जा चूका है जिससे यह अपील सारहीन हो गयीं है, अत: अपील ख़ारिज फरमाई जावे। इस सन्दर्भ में प्रार्थना पत्र एवं अधीनस्थ न्यायालय के आदेश दिनांक 31/12/2021 तथा अपील पत्रावली का अवलोकन किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि अपीलार्थी द्वारा अन्तरिम आदेश दिनांक 30/08/2019 के विरुद्ध प्रस्तुत यह अपील विचाराधीन मूल प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा संख्या 218/2019 का अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिनांक 31/12/2021 को अन्तिम निस्तारण कर दिया गया है जिससे अन्तरिम आदेश के विरुद्ध यह अपील सारहीन हो गयी है। अत: अपील अपीलार्थी सारहीन हो जाने से ख़ारिज की जाती है। तदनुसार पत्रावली तदनुसार पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर की जावे। | |

(हस्ताक्षर)

राजस्व अपील प्राधिकारी
जयपुर

राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर (राजस्थान)